सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 15 फाल्गुन, 1939 (श0) / 06 मार्च, 2018 (ई0)

### प्रश्नों की कुल संख्या 138

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | 80 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग | .. | 06 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | 15 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | 17 |
| (5) | परिवहन विभाग | .. | 08 |
| (6) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | 04 |
| (7) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | 01 |
| (8) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | 02 |
| (9) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | 04 |
| (10) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | 01 |
| | | कुल योग --- | 138 |

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*421. श्री कुमार सर्वजीत--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''कल्याण विभाग ने निर्गत किये नौ लाख 63 हजार 250 रुपया का चेक क्लोन चेक से निकासी कर ली दो करोड़ 37 लाख 77 हजार की राशि'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया कल्याण विभाग कार्यालय द्वारा राज्य के बाहर 6 (छः) संस्थानों के नाम पर नौ लाख 69 हजार 250 रुपये का चेक निर्गत किया गया परन्तु क्लोन चेक से दो करोड़ 37 लाख 77 हजार रुपये की निकासी कर ली गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कपटपूर्ण निकासी एवं धोखाधड़ी के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान करना

*422. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपलगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट में वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 के वृद्धा पेंशन की राशि जनवरी, 2018 तक मात्र 70 प्रतिशत ही वितरित की जा सकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शेष वंचित पेंशनधारियों को बकाया राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलना

'क'-*423. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड नोहटा एवं रोहतास में पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं है उक्त प्रखंडों के छात्र/छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिये क्षेत्र के बाहर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के किसी एक स्थान पर कबतक पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस का परिचालन

*424. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय दरभंगा से 87, जाले वि0स0 क्षेत्र के अंतिम छोड़ तक आने-जाने के लिये दो प्रमुख सड़क मार्ग दरभंगा-अतरबेल-सिंहवाड़ा-जाले-घोघराहा भाया खेसर से चंदौना एवं दरभंगा-कमतौल-घोघराहा भाया जोगियारा से चंदौना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों मार्गों पर अत्यधिक घनी आबादी है तथा बस के अलावा इस मार्ग पर यातायात का अन्य कोई विकल्प नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त दोनों मार्गों पर बस सेवा का परिचालन कबतक करने का विचार रखती है ?

---

नोट--'क' शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 174, दिनांक 15 फरवरी, 2018 द्वारा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग में स्थानांतरित ।

---

कार्रवाई करना

*425. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कौशल्या संस्कृत उच्च विद्यालय, महुआ, वैशाली में पदस्थापित शिक्षक श्रीमती आशा प्रसाद, श्री राज किशोर शर्मा, श्री जयन्त कुमार, श्री बैकुण्ठ बिहारी, श्रीमती अर्चना कुमारी एवं श्रीमती सुमन कुमारी की नियुक्ति वर्ष 1993 में बिना रिक्ति एवं विज्ञापन प्रकाशित किये अवैध ढंग से की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नियुक्ति के संबंध में CWJC No. 18391/2010 में माननीय पटना उच्च न्यायालय के दिनांक 6 जनवरी, 2015 के निर्णय के आलोक में सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड के पत्रांक 2548, दिनांक 27 मार्च, 2015 द्वारा विधिवत कार्रवाई हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), वैशाली को निदेशित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में अवैध रूप से नियुक्त शिक्षकों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केन्द्र का निर्माण

*426. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''सिर्फ इन्तजार, गैंडा संरक्षण प्रजनन केन्द्र नहीं हुआ तैयार'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि संजय गाँधी जैविक उद्यान में राष्ट्रीय गैंडा प्रजनन संरक्षण केन्द्र के निर्माण का निर्णय 2008 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अमेरिका के सेंट डियागो चिड़ियाघर के बाद गैंडों की सर्वाधिक संख्या पटना चिड़ियाघर में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गैंडा प्रजनन संरक्षण केन्द्र का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

पार्किंग हटाना

*427. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''खतरों का बाईपास 9 माह, 112 हादसे और 41 मौतें'' के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के न्यू बाईपास पर अनिसाबाद गोलम्बर से जीरोमाईल के बीच ट्रकों के अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण से जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे दुर्घटना बढ़ गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रकों को हटाने हेतु जामबस्टर जैसी कोई व्यवस्था कार्यरत नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार न्यू पटना बाईपास से ट्रकों का अवैध पार्किंग कबतक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*428. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के दियारी कोजगाँवा, कुसियार गाँव पंचायत सहित प्रखंड के अन्य 27 पंचायतों में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भवनहीन है फलतः विद्यालयों के बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ते हैं जबकि उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवनहीन नवसृजित विद्यालयों का भवन कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

*429. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में 27,000 उर्दू/बंगला शिक्षकों की रिक्ति के विरुद्ध अभीतक 12,000 उर्दू/बंगला शिक्षकों की बहाली की गयी है शेष पद रिक्त रहने के कारण उर्दू/बंगला पढ़ने वाले विद्यार्थियों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजस्थान सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षकों की बहाली में आवश्यकतानुसार कट ऑफ मार्क्स कम करके टी0ई0टी0 परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों का नियोजन किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजस्थान सरकार की तरह कट ऑफ मार्क्स कम करके उर्दू/बंगला टी0ई0टी0 अभ्यर्थियों को बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*430. श्री विजय प्रकाश --क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के बरहट प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय, बरहट एवं नूमर प्रखंड के चाँदनी मैदान एवं जमुई प्रखंड के सताईन हाई स्कूल में स्टेडियम निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 74, दिनांक 14 जनवरी, 2016 के द्वारा मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से अनुरोध किया गया है परन्तु दो वर्ष बीत जाने के बावजूद अभीतक उक्त स्थानों पर स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कबतक स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*431. श्री जीतेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा स्थित मढ़ौरा में राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना 1993 में हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राजकीय पॉलिटेक्निक में शिक्षकों के पद रिक्त रहने के कारण शिक्षण का कार्य ठप है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रिक्त पदों पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन का भुगतान

*432. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधुबनी के फुलदेवी कुशेश्वर झा महाविद्यालय अन्धराठाढ़ी को दिनांक 19 मार्च, 1981 से राज्य सरकार का संबंधन प्राप्त है और 28 अगस्त, 1981 को महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग में शिक्षकों का एक-एक वित्त सहित कुल 17 सृजित पद पर स्थायी नियुक्ति हेतु सरकार से अनुमोदन प्राप्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के वेतन का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*433. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में हथुआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी उच्च विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में लगभग 5 वर्ष पूर्व विद्यालय भवन का निर्माण किया गया है परन्तु अभीतक निर्मित विद्यालय भवनों को विद्यालय प्रशासन को सौंपा नहीं गया है, यदि हाँ, तो सरकार निर्मित विद्यालय को विद्यालय प्रशासन को हस्तगत कराते हुये दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*434. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई प्रखंड अन्तर्गत लगुआ दास ग्राम पंचायत का लगुआ गाँव महानन्दा नदी की शाखा द्वारा उत्तर दक्षिण दो भाग में विभाजित है उत्तर लगुआ की आबादी एक हजार की होने के बावजूद एक भी प्राथमिक विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में कबतक प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज खोलना

*435. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा विधान सभा क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिये 30 कि0मी0 दूर पूर्णियाँ जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कोढ़ा विधान सभा क्षेत्र में दो डिग्री कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस स्टैण्ड की स्थापना

*436. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया से मंगलपुर बाजार को जानेवाली वाहनों के लिये कोई भी बस स्टैण्ड की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण यात्रियों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक बस स्टैण्ड की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*437. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में खेलकूद को प्रोत्साहन देने हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में एक स्टेडियम निर्माण का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2009-2010 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड में बौद्ध महोत्सव स्थल के पास सरकारी 5 एकड़ जमीन है तथा स्टेडियम निर्माण हेतु सभी अर्हताएँ विद्यमान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सरकारी जमीन पर स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवासीय उ0 वि0 की स्थापना

*438. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज में पिछड़े वर्ग की कन्याओं के लिए आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है, जबकि इस प्रखंड में पिछड़े वर्ग की जातियों की संख्या सर्वाधिक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रानीगंज में पिछड़े वर्ग की कन्याओं के लिए आवासीय उच्च विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय की स्थापना

*439. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोंच प्रखण्ड के गरारी पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण इस पंचायत के छात्रों को अरवल जिला के कुर्था में उच्च विद्यालय में दाखिला लेना पड़ता है, जो इस पंचायत से लगभग 10 कि0 मी0 दूर है, जिसके कारण छात्रों को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गरारी पंचायत में एक उच्च विद्यालय की स्थापना करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*440. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुरसा का भवन निर्माण कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, परन्तु निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ जिसके कारण छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*441. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत जमुई प्रखण्ड में कवैया मुशहरी में नवीन प्रा0 विद्यालय के निर्मित भवन को तोड़कर उक्त भूमि को दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर लिये जाने के कारण कवैया मुशहरी के महादलित बच्चों को पढ़ने का कोई साधन नहीं रह गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवा कर, नये स्कूल भवन कबतक बनवाना चाहती हैं, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*442. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत प्रखण्ड चौसा के अधीन ग्राम पंचायत पैना के ग्राम-पैना में एक क्रीड़ा मैदान अवस्थित है, जहाँ प्रत्येक वर्ष फुटबॉल, क्रिकेट, बालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मैदान में एक स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*443. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला मुख्यालय, डुमरा में स्टेडियम निर्माण कार्य वर्ष 2006 में भवन निर्माण विभाग द्वारा आरंभ किया गया था, परन्तु अभीतक पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

---------

परिवहन कार्यालय खोलना

*444. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला परिवहन कार्यालय जिला मुख्यालय कटिहार में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई अनुमंडल महानन्दा नदी के पूर्वी छोड़ पर स्थित होने के कारण बारसोई क्षेत्र के लोगों को वाहन लाईसेंस व परमिट हेतु कटिहार जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कटिहार जिला परिवहन कार्यालय का एक शाखा अथवा कैम्प कार्यालय बारसोई में कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*445. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सौथा दक्षिणी के ग्राम-विन्द टोली में आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन जर्जर है एवं उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र में 80 बच्चे पढ़ते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र के भवन को नए सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

केन्द्र संचालित करना

*446. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में सरकार द्वारा राज्य के सभी वार्डों में आँगनबाड़ी केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड में 392 वार्ड है, जिसमें मात्र 236 एवं सोनबरसा प्रखण्ड के 286 वार्ड है, जिसमें मात्र 180 वार्ड में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखण्ड के बचे हुए वार्डों में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित करने का विचार रखती है ?

----------

स्थानांतरण करना

*447. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज, सिवान एवं छपरा जिला के निबंधन/अवर निबंधन कार्यालयों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण विगत पन्द्रह वर्षों से पदस्थापित रहने के कारण उक्त कर्मचारियों का एकाधिकार हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित कर्मचारियों का स्थानांतरण दूसरे जिला में कबतक करने का विचार रखती है ?

----------

पढ़ाई प्रारंभ करना

*448. श्री रामविलास पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड अंतर्गत सदानन्द बैसा पंचायत के राजकीय उच्च विद्यालय अकबरपुर में +2 का भवन अधूरा है एवं 350 बच्चे +2 में नामांकित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में 10+2 के बच्चों का पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में 10+2 के भवन को बनाकर कबतक पढ़ाई प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का लाभ देना

*449. श्री (डॉ0) मो0 जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में वर्ष 2016-17 में अल्पसंख्यक गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्र-छात्राओं को पोशाक योजना एवं छात्रवृति योजना अंतर्गत लाभ दिया गया था, परन्तु वर्ष 2017-18 में विभागीय पत्र में उक्त योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसा सम्मिलित नहीं होने के कारण उक्त मदरसों के छात्र-छात्राएं लाभ से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार किशनगंज जिला के अल्पसंख्यक गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्र-छात्राओं को वर्णित योजना का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*450. श्री (डॉ0) शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड के बीजबन्नी पूर्वी पंचायत के 5 हजार आबादी वाला गाँव आठ महीने में मध्य विद्यालय है, परन्तु उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण उक्त पंचायत के बच्चे 8 कि0 मी0 की दूरी तय करके अन्यत्र स्थान पर शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बकाया राशि का भुगतान

*451. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अंतर्गत प्रखण्ड आलमनगर प्रखण्ड चौसा, प्रखण्ड पुरैनी एवं प्रखण्ड उदाकिशुनगंज के अधीन कबीर अन्तेष्टी योजना के अधीन वित्तीय वर्ष 2013-14 से अभीतक राशि उपलब्ध नहीं करायी गई है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त प्रखण्डों का सर्वेक्षण कराकर उक्त योजना की बकाये राशि के भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

----------

निबंधन कार्य शुरू कराना

*452. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के अन्तर्गत वारसलिगंज प्रखंड परिसर में निबंधन भवन 1982-83 से बनकर तैयार है, लेकिन अभीतक निबंधन का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्मित भवन में निबंधन का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, नवादा के पत्र सं0 971, दिनांक 29 जुलाई, 2016 एवं जिला अवर निबंधन, नवादा के पत्र संख्या-132/नि0, दिनांक 15 फरवरी, 2018 के द्वारा सूचना दी गयी है कि वारसलिगंज प्रखंड मुख्यालय में निबंधन कार्यालय का भवन निर्मित नहीं है ।

विभाग द्वारा वारसलिगंज प्रखंड मुख्यालय में निबंधन कार्यालय सृजित नहीं किया गया है तथा नया निबंधन कार्यालय खोले जाने का कोई मामला विचाराधीन नहीं है।

अस्वीकारात्मक। वारसलिगंज प्रखण्ड मुख्यालय में निबंधन कार्यालय में सृजित नहीं है। अतः वर्तमान समय में निबंधन कार्य शुरू कराने का प्रश्न ही नहीं उठता है ।

## पथ निर्माण कराना

*453. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखण्ड के चुटिया बाजार से रेहल जाने वाला पथ में खुखुमाघाट में वन पर्यावरण अधिनियम के कारण लगभग 15 कि०मी० पथ नहीं बना है, जिस कारण नौहट्टा प्रखण्ड के पिपरडीह पंचायत में तथा कैमूर जिला के अधौरा प्रखण्ड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार खुखुमाघाट में कबतक पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## अपडेट करना

*454. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत संचालित हो रही आँगनबाड़ी केन्द्रों को एम०आई०एस० सिस्टम से अपडेट किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सिस्टम से नौतन एवं बैरिया प्रखंड के केन्द्रों को आजतक अपडेट नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सिस्टम से दोनों प्रखंडों के आँगनबाड़ी केन्द्रों को अपडेट कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## कार्रवाई करना

*455. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत शहीद राजनाथ सिंह कॉलेज पैगा, बड़हरा, भोजपुर की संबद्धता फर्जी होने के कारण वर्ष 2017 में रद्द कर दी गयी है, लेकिन फर्जीवाड़ा करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा कॉलेज प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलेज प्रबंधन, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## अंशदान दिलाना

*456. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा नगर पंचायत को निबंधन विभाग से रजिस्ट्री का मिलने वाला अंशदान वर्ष 1993 से नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार नगर पंचायत के विकास हेतु निबंधन विभाग से रजिस्ट्री का अंशदान उक्त नगर पंचायत को दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*457. <u>श्री सैयद अबु दौजाना</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत सुरसंड उर्दू प्राथमिक विद्यालय एवं बनटोलवा में प्राथमिक विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के बच्चों को मध्य विद्यालय में पठन-पाठन हेतु 2 कि०मी० की दूरी तय करके अन्यत्र स्थान पर जाना पड़ता है जिसे बच्चों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में स्थित प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का स्थानांतरण

*458. <u>श्री महेश्वर प्रसाद यादव</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखण्ड के भवनहीन उर्दू प्राथमिक विद्यालय जाया के नाम के नाम से जमीन रजिस्ट्री करके स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अस्थायी भवन बना दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, गायघाट एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के आदेश के बावजूद उक्त विद्यालय को विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त भवन में नहीं ले जाया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को ग्रामीणों द्वारा निर्मित भवन में कबतक ले जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त करना

*459. <u>डॉ० रामानुज प्रसाद</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा से 32 कॉलेज सम्बद्ध हैं, जिसमें 47000 छात्र/छात्राएँ पूर्व स्नातक (अंडर ग्रेजुएट) और स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) में अध्ययनरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों के 750 पद स्वीकृत हैं, जिसके विरुद्ध मात्र 300 शिक्षक कार्यरत हैं, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विश्वविद्यालय के रिक्त पदों पर शिक्षक की नियुक्ति कर शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों का पदस्थापन

*460. <u>श्री प्रभुनाथ प्रसाद</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-कुम्हैला के उच्च विद्यालय में 300 छात्रों पर मात्र एक शिक्षक 2 वर्ष से कार्यरत है, जिससे छात्रों के पठन पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार मानक के अनुरूप उक्त विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय को हस्तांतरित कराना

*461. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्डान्तर्गत आधारभूत संरचना के द्वारा उच्च विद्यालय, मलंगिया का भवन 2016-17 से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन को आजतक विद्यालय को हस्तांतरण नहीं किया गया है, जिससे छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन बाधित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निर्मित भवन को कबतक विद्यालय को हस्तांतरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*462. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड करगहर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रूपैठा का भवन निर्माण कार्य 2015 में प्रारंभ हुआ था, परन्तु जनवरी, 2017 से निर्माण कार्य बंद होने के कारण भवन के अभाव में उच्च विद्यालय के छात्र/छात्राओं का शिक्षण कार्य नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*463. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखण्ड अंतर्गत टिकापट्टी देकुली पंचायत के देकुली गाँव में ब्रह्मस्थान (पीपल के पेड़) के इर्द-गिर्द कई शिवलिंग के तरह का पत्थर उग आये हैं, जिसकी लम्बाई अपने आप बढ़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को कबतक सांस्कृति धरोहर के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घेराबंदी कराना

*464. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के दुल्हपुर पंचायत स्थित हाई स्कूल की घेराबंदी आजतक नहीं होने के कारण वहाँ पढ़ रहे बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्कूल की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाईब्रेरी का जिर्णोद्धार

*465. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद नगर अवस्थित सेन्ट्रल लाईब्रेरी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण उक्त लाईब्रेरी में रखी पुस्तकें एवं लिपियाँ असुरक्षित है एवं पाठकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक औरंगाबाद सेन्ट्रल लाईब्रेरी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोषाहार का वितरण

*466. श्रीमती आशा देवी (186)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा समेकित बाल विकास परियोजना के तहत कुपोषित महिलाओं समेत गर्भवती एवं किशोरियों को प्रत्येक महीने पोषाहार मिलना है, परन्तु दानापुर के सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों पर उक्त जरूरतमंदों को चार महीने अंतराल पर पोषाहार का वितरण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आँगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक माह पोषाहार वितरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस पड़ाव का निर्माण

*467. श्री तारकिशोर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''स्टैंड नहीं होने से एन०एच० 31 पर खड़े रहते हैं यात्री, दुर्घटना की आशंका'' के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग 31 पर कुरसेला से कोढ़ा तक (40 कि०मी०) में तीन अस्थायी बस पड़ाव है, जिसके कारण यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क मार्ग पर पेयजल प्रतीक्षालय सुविधा सहित कबतक स्थायी बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान की राशि देना

*468. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''चार साल से नहीं खरीदी गई एक भी किताब'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 पब्लिक लाईब्रेरी में किताबों की खरीद के लिये प्रतिवर्ष एक करोड़ रुपये का प्रावधान 2012-13 में किया गया, परन्तु मात्र दो वर्ष अनुदान मिलने के बाद 2014-15 से यह राशि बन्द कर दी गयी जिसके कारण गरीब विद्यार्थियों को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पब्लिक लाईब्रेरी को किताब की खरीद हेतु कबतक अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*469. <u>श्रीमती स्वीटी सिमा हेम्ब्रम</u>--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया विधान सभा क्षेत्र के बौंसी प्रखण्ड के दलिया पंचायत में सी०एन०डी०, उच्च विद्यालय में वर्ष 2008-09 में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति स्वीकृत्यादेश संख्या 36, दिनांक 26 अगस्त, 2008 द्वारा प्राप्त है, परन्तु दस वर्ष बीत जाने के बावजूद अभीतक स्टेडियम निर्माण नहीं कराये जाने के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित कराना

*470. <u>श्री अशोक कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत चेंव में मध्य विद्यालय, चेंव अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त इलाके के बच्चों को 6 कि०मी० दूर जाने के बाद उच्च विद्यालय का शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है, जबकि वर्णित विद्यालय के पास उच्च विद्यालय के निर्माण हेतु जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मध्य विद्यालय, चेंव को कबतक उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमरा का निर्माण

*471. <u>श्री रामचन्द्र सहनी</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अहिरौलिया में वर्ग कमरों के अभाव में नामांकित छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अहिरौलिया में वर्ग कमरों का नव-निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*472. <u>श्री कुमार सर्वजीत</u>--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''प्रायोगिक परीक्षा कहीं उपकरण नदारद तो कहीं लैब ही नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में इंटर वार्षिक परीक्षा 2018 की प्रायोगिक परीक्षा के केन्द्र का निर्धारण बोर्ड द्वारा सभी जिलों का भौतिक सत्यापन किये बिना ही यह काम फोन से कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी जिलों में प्रायोगिक परीक्षा के लिये कहीं उपकरण नहीं है तो कहीं लैब की व्यवस्था नहीं होने के कारण इंटर के छात्र एवं छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा देने में कठिनाई हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोर्ड द्वारा भौतिक सत्यापन न कर फोन से परीक्षा केन्द्र निर्धारण करने का क्या औचित्य है ?

सेवा विस्तार करना

*473. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड चरपोखरी के बाल विकास परियोजना कार्यालय में महिला प्रवेक्षिका सिम्मी कुमारी (जनमजात दिव्यांग) पदस्थापित थी, जिनकी सेवा अवधि दिनांक 31 जनवरी, 2017 तक विस्तारित थी, परन्तु इनका सेवा विस्तार अभीतक नहीं हुआ है, जिसके कारण पूरे परिवार को आर्थिक रूप से कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार सिम्मी कुमारी की सेवा विस्तार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय का निर्माण

*474. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी अनुमंडल में अवस्थित निबंधन कार्यालय परिसर में कातीबों के बैठने हेतु कमरों एवं शौचालय नहीं रहने के कारण आम लोगों को कठिनाई होती है, जबकि निबंधन कार्यालय के पास में जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्यालय परिसर में भवन निर्माण के साथ-साथ शौचालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समायोजन कराना

*475. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में वर्ष 1980 से कार्यरत दैनिक मजदूरों में से वर्ष 2006 एवं 2007 में 48 मजदूरों का समायोजन उद्यान में किया गया है, शेष 25 दैनिक मजदूरों के समायोजन हेतु विभाग के द्वारा 18 पदों का सृजन किया गया था, लेकिन इन मजदूरों को अभीतक समायोजन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मजदूरों को संजय गाँधी जैविक उद्यान में कबतक समायोजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*476. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड में स्थित के०डी० उच्च विद्यालय में 10+2 की पढ़ाई होती है, परन्तु उक्त विद्यालय में भौतिकी, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, गणित, जन्तु विज्ञान विषय के शिक्षक विगत 5 वर्षों से नहीं होने के कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में उक्त विषयों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है ?

राशि का भुगतान

*477. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां, सरमेरा, बिंद एवं कतरीसराय प्रखंडों में वित्तीय वर्ष 2013-14 से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि आवंटित नहीं किये जाने से आम जनता में असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*478. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शंभुगंज प्रखंड के रमचुआ पंचायत में स्टेडियम नहीं रहने के कारण प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को कठिनाई होती है, जबकि उक्त प्रखंड के रमचुआ खेल मैदान में स्टेडियम के लिये जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मैदान में स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय का दर्जा देना

*479. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड में गोपालपुर (शेरघाटी) अनुसूचित जाति/जनजाति अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय में मैट्रिक कक्षा (दशम वर्ग) तक ही पढ़ाई होती है, उक्त विद्यालय में +2 की पढ़ाई नहीं होने से अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय को +2 उच्च विद्यालय का दर्जा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*480. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत श्री मारवाड़ी पाठशाला, भागलपुर का छात्रावास क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण छात्रावास में छात्र नहीं रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उक्त छात्रावास को कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र का स्थानान्तरण

*481. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के आँगनबाड़ी केन्द्र सं० 73 जो पूर्व से उस ग्राम के वृजेलाल राम के दरवाजे पर चल रहा था, को बिना किसी विभागीय आदेश के आँगनबाड़ी सेविका वहाँ से हटाकर अपने दरवाजे से संचालित कर रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आँगनबाड़ी सेविका पर कार्रवाई करते हुये उक्त केन्द्र को पुनः वृजेलाल राम के दरवाजे पर जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*482. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत प्रखंड बिसनपुर पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय 5 कि०मी० के अन्दर नहीं है, जिससे उक्त पंचायत के छात्र/छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार बिसनपुर पंचायत के इन्द्रसेना प्रोन्नत मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन का भुगतान

*483. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के अन्तर्गत बाल विकास परियोजना के अधीन नियुक्त पर्यवेक्षिकाओं का वेतन भुगतान मार्च, 2017 से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला के पर्यवेक्षिकाओं के वेतन का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*484. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिलान्तर्गत इसलामपुर प्रखंड के आठ (8) पंचायतों में स्थित मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमण करने का प्रस्ताव वर्ष 2013 में प्रखंड स्तर से विभाग को उपलब्ध कराया गया था, जिसमें तीन (3) पंचायत के मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर दिया गया है, शेष पाँच (5) पंचायत यथा इचहोल, धोवडीहा, आत्मा, बल्दाहा एवं मोहनचक के मध्य विद्यालय को उत्क्रमित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पाँच (5) पंचायत के मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*485. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के सिंघिया, दुलामनी पंचायत अन्तर्गत दो ईंट भट्ठा आबादी (गाँव) के महज 200 कि०मी० के अंदर है, जिसके कारण स्थानीय जनता एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर कबतक ईंट भट्ठों पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*486. श्री रामविलास पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखंड अन्तर्गत गोहादा पंचायत के बुधुचक उच्च विद्यालय में 380 छात्र+2 को अध्ययन करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में +2 का भवन नहीं बना है एवं शिक्षक भी कम हैं, जिससे पढ़ाई में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के +2 के लिये भवन बनाने एवं शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय भवन का निर्माण

*487. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के पोइवाँ डीहरी ग्राम पंचायत के पाण्डेयपुर एवं ग्राम-पचरूखिया में प्राथमिक विद्यालय में भवन नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं की पढ़ाई बाधित होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*488. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकड़ प्रखंड अन्तर्गत उच्च विद्यालय, राजापाकड़ एवं राय सुभारी देवी उच्च विद्यालय, कर्णपुरा में +2 के नये भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2008-09 में आरंभ किया गया था, परन्तु अभीतक उक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, जिसके कारण विद्यालयों में +2 की पढ़ाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालयों के भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं करने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये भवनों का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*489. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में खेल-कूद को प्रोत्साहन देने हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक स्टेडियम निर्माण का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के दरियापुर में टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के परिसर में 5 एकड़ सरकारी जमीन है तथा स्टेडियम निर्माण की सभी अर्हताएँ विद्यमान हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सरकारी जमीन पर स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*490. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत बैरिया पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं है, जबकि उक्त पंचायत के मध्य विद्यालय, बैरिया में नासी टोला, चकवा टोला एवं अन्य 11 गाँव के लगभग 1,800 छात्र/छात्राएँ पढ़ते हैं, जिसमें 60 प्रतिशत छात्राएँ हैं, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मध्य विद्यालय, बैरिया को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*491. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखंड के परसाही पूर्वी पंचायत वलानपट्टी में कन्या उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वलानपट्टी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय है जिसमें 8वीं तक ही पढ़ाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित विद्यालय को कन्या उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*492. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बड़हरा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों/उच्च विद्यालयों में डी०ई०ओ०, बी०ई०ओ० एवं प्रधानाध्यापकों को लापरवाही के कारण प्रबंधकारिणी कमिटी एवं शिक्षा समिति का गठन करते हुये दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## डिग्री कॉलेज खोलना

*493. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में सरकारी डिग्री कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## शिक्षकों की बहाली करना

*494. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि 8 अक्टूबर, 2009 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा घोषणा की गयी थी कि राज्य के प्रत्येक स्कूल में एक-एक उर्दू शिक्षक की बहाली की जायेगी; परन्तु राज्य के स्कूलों में लगभग 35 हजार उर्दू शिक्षकों का पद पिछले 8 वर्षों से रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के सभी स्कूलों में कबतक उर्दू शिक्षकों की बहाली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अनुदान की राशि देना

*495. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने संकल्प संख्या 1846, दिनांक 21 नवम्बर, 2008 द्वारा वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त करते हुये राज्य के सभी इंटर एवं स्नातक स्तर तक के स्थायी संबंधन प्राप्त शिक्षण संस्थानों की उपयोगिता प्रमाण-पत्र के आधार पर अनुदान देने की व्यवस्था की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय, सोनपुर (सारण) द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर आवश्यक अभिलेखों के साथ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय, पटना में जमा करने के बावजूद अभीतक सत्र 2006--08, 2007--09 एवं 2008--10 के इंटर अनुदान की राशि उक्त महाविद्यालय को नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महाविद्यालय को खंड (2) में वर्णित सत्रों के इंटर अनुदान की राशि कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## उत्क्रमित करना

*496. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखंड में लड़कियों की माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा के लिये कन्या उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बीरपुर पश्चिम पंचायत में एक कन्या मध्य विद्यालय है जिसके आसपास लगभग एक एकड़ गैर-मजरूआ जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस कन्या मध्य विद्यालय को कन्या उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवासीय विद्यालय की स्थापना

'ख' *497. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी प्रखंड में अनुसूचित जाति/जन-जाति के छात्र/छात्राओं के लिये आवासीय विद्यालय नहीं रहने के कारण शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ,तो क्या सरकार बौंसी प्रखंड में अनुसूचित जाति/जन-जाति के छात्र/छात्राओं के लिये आवासीय विद्यालय की स्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

=========

स्टेडियम का निर्माण

*498. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड अन्तर्गत इनरवा फुलवार पंचायत के ग्राम फुलवार के कोचला वन में बड़ा भू-भाग में सरकारी जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भी स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है, जिस कारण स्थानीय खेल प्रेमियों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

=========

जल निकासी की व्यवस्था

*499. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में अवस्थित सं० अम्बेदकर कल्याण छात्रावास परिसर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण पूरे साल खासकर बरसात के दिनों में जल-जमाव से छात्रों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छात्रावास परिसर से जल निकासी की व्यवस्था कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

=========

विद्यालय का उत्क्रमण

*500. श्री हेमनारायण साह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड महारजगंज के पंचायत हजपुरवा ग्राम-सोनबरसा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सोनबरसा का उत्क्रमण नहीं होने से स्थानीय छात्र/छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिये 7 से 8 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि उक्त विद्यालय उत्क्रमण की सारी शर्त्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का उत्क्रमण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख' शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 175, दिनांक 15 फरवरी, 2018 द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग में स्थानान्तरित ।

## भवन का निर्माण

*501. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरसोई प्रखण्ड के जगेश्वर उच्च विद्यालय का विद्यालय भवन जर्जर है, जिसके कारण छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नया भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

==========

## अधूरे भवन को पूर्ण करना

*502. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के सिंघिया पूर्वी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय भहसा +2 का भवन तीन वर्षों से निर्माणाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण पूरा नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

==========

## पदस्थापित करना

*503. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय प्रखण्ड के मोहनपुर पंचायत अवस्थित उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर +2 का दर्जा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय में नवम एवं दशम के छात्रों की संख्या 400 से अधिक होने के बावजूद हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी के एक भी शिक्षक नहीं हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में वर्णित विषयों के शिक्षकों को पदस्थापित कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

==========

## कार्रवाई करना

*504. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के पंचायत पहुरिया के फतेहपुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में पोशाक राशि एवं छात्रवृत्ति राशि की निकासी की गई, परन्तु एक भी छात्र को उक्त राशि का लाभ नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रधानाध्यापक के द्वारा बरती गई वित्तीय अनियमितता की जाँच कराकर कबतक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि प्रदान करना

*505. श्री नवाज आलम--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा विधान सभा अंतर्गत आरा प्रखण्ड कार्यालय के पत्रांक 1597, दिनांक 1 अगस्त, 2017 द्वारा वर्ष 2017-18 में कन्या विवाह योजना की राशि प्राप्त हुई उक्त राशि वर्ष 2012 के 65 लाभुकों को दे दिया गया, परन्तु वर्ष 2013 से 2017 तक के लाभुक उक्त राशि से वंचित हो गये, यदि हाँ, तो सरकार 2017 तक के लाभुकों को कन्या विवाह योजना की राशि कबतक प्रदान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

आँगनबाड़ी केन्द्र खोलना

*506. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत किरतपर पंचायत के वार्ड नं० 10 का आँगनबाड़ी केन्द्र लगभग 10 वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार बंद पड़े उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र को कबतक शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भुगतान करना

*507. श्रीमती अरुणा देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखण्डों में वृद्धा विकलांग एवं विधवा पेंशन, के लाभार्थियों को लगभग 10 माह से पेंशन की राशि नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार पेंशन की राशि का भुगतान उक्त क्षेत्र के लाभार्थियों को करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

दोषी पदा० पर कार्रवाई

*508. श्रीमती लेशी सिंह--दिनांक 12 जनवरी, 2018 के स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''राशि देने में सुस्ती पर नपेंगे शिक्षा पदाधिकारी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रारंभिक और मध्य विद्यालयों के बच्चों के खाते में पोशाक और छात्रवृति की राशि तथा राज्य के कक्षा 9 से 12 तक साइकिल, पोशाक की राशि बच्चों के खाते में भेजने का निर्देश दिनांक 15 जनवरी, 2018 को विभाग के सचिव द्वारा राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि 2.24 करोड़ बच्चों के खाते में राशि भेजी जानी थी, जिसमें मात्र 5 लाख बच्चों के खाते में ही अबतक राशि भेजी जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बच्चों के खाते में राशि स्थानान्तरित नहीं करने वाले दोषी पदाधिकरियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*509. श्री राजू तिवारी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखण्ड अंतर्गत महथं शिवशंकर गिरि महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी रहने के कारण बच्चों का पठन पाठन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में कबतक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

गुणवत्तापूर्ण भवन का निर्माण

*510. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखण्ड अंतर्गत घोषरम्मा ग्राम में राम हृदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण बिहार राज्य आधारभूत संरचना के द्वारा किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता खराब है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच करवाकर गुणवत्तापूर्ण उक्त भवन का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*511. श्री नीरज कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, सजापुर में विद्यालय, भवन 5 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नया विद्यालय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*512. श्री अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड के पुरीख संथाली टोला में प्रा०वि० के भवन नहीं रहने के कारण अनु०जाति के छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, जबकि विद्यालय के लिये जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

पढ़ाई शुरू करना

*513. श्री सत्यदेव राम : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी में लोकमान्य तिलक उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर सह-इन्टर कॉलेज बना दिया गया है, परन्तु उक्त विद्यालय में पूर्व से पठन-पाठन हेतु मात्र 7 कमरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उत्क्रमित विद्यालय में इन्टर की पढ़ाई हेतु समुचित कमरा व साधन की व्यवस्था कबतक करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

===========

रिटायरमेंट बेनिफिट एवं पेंशन देना

*514. श्री मुजाहिद आलम : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में सरकारी मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के रिटायरमेन्ट के उपरान्त किसी प्रकार का रिटायरमेन्ट बेनिफिट एवं पेंशन का भुगतान नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार सरकारी मदरसों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को रिटायरमेन्ट बेनिफिट एवं पेंशन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

===========

कार्रवाई करना

*515. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान : स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''परीक्षा में वसूली पर स्कूल में हंगामा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित जनता उच्च विद्यालय में दसवीं के छात्रों का विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के प्रायोगिक परीक्षा में अंक देने के नाम पर प्रत्येक छात्रों से दो-दो सौ रुपये की अवैध वसूली की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा की अवैध वसूली पर छात्र/छात्राओं के विरोध करने पर शिक्षकों द्वारा छात्रों को अंक नहीं देने अथवा परीक्षा में अनुपस्थिति करने की धमकी दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के प्रायोगिक परीक्षा में अंक के देने के नाम पर अवैध वसूली करने वाले प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

===========

पदस्थापन करना

*516. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय : क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुचायकोट में महिला एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद विगत तीन वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण योजनाओं का संचालन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पद पर पदाधिकारी का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

## प्राथमिक विद्यालय खोलना

*517. डॉ० अब्दुल गफूर -क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखण्ड के गोबरगढ़ा दक्षिण टोला की आबादी लगभग बारह सौ से ऊपर है, जहाँ से किसी भी विद्यालय की दूरी 1.50 कि० मी० से अधिक है, फलतः इस टोला के छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला में प्राथमिक विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

==========

## राशि का भुगतान

*518. श्री (डॉ०) अशोक कुमार(139) -क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है समस्तीपुर जिला अन्तर्गत रोसड़ा, शिवाजी नगर तथा सिंधिया प्रखण्डों सहित जिला के अन्य सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में कंटीजेंसी एवं विकास मद में मिलने वाली राशि का भुगतान वर्ष 2013 से नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में बकाये सहित अद्यतन राशि का कबतक भुगतान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

=========

## दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*519. श्रीमती लेशी सिंह- दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''जिलों से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं मिला, राशि निकासी पर रोक'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 7वीं से 12वीं तक पढ़ने वाली 24,38,854 छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन के लिये वर्ष 2017-18 में राशि मिलनी थी;

(2)क्या यह बात सही है कि सैनेटरी नैपकिन और परिभ्रमण योजना की राशि पर जिलों से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं मिलने से वित्त विभाग द्वारा ट्रेजरी से राशि निकासी पर रोक लगा दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं देने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## कार्य प्रारम्भ करना

*520. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह -क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यावरण एवं वन विभाग का ''हरियाली मिशन'' के अन्तर्गत तटबंधों, नहरों एवं सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करने की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार में तिरहुत मुख्य नहर तथा उससे निकलने वाली ब्रांच नहरों यथा केसरिया वितरणी, पीपरा वितरणी, मेहसी वितरणी एवं कई अन्य नहरों पर पेड़ नहीं लगाया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहरों के किनारे पेड़ लगाने का कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती ह, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

सरकारी नियम बनाना

*521. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सहित राज्यभर में निजी स्कूलों द्वारा री-एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम प्रत्येक वर्ष वसूली जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी स्कूल द्वारा मोटी रकम की वसूली पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे अभिभावक आर्थिक बोझ उठाने पर मजबूर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निजी स्कूल के मनमाने मोटी रकम की वसूली पर रोक लगाने के लिये कबतक सरकारी नियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पठन-पाठन कार्य प्रारम्भ करना

*522. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के पटखौलिया कन्या मध्य विद्यालयों में छात्र के अनुपात में शिक्षकों के कमी के कारण पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति कर पठन-पाठन का कार्य कबतक व्यवस्थित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*523. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक पंचायत में उच्च विद्यालय बनाने का निर्णय सरकार द्वारा अप्रील माह 2017 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड जगदीशपुर के सन्होली पंचायत में मध्य विद्यालय, घोरी डुमरिया के पास 0.78 डीसमील खतियानी एवं विद्यालय के सटे सर्वसाधारण अनाबाद 0.22 डीसमील जमीन अंचलाधिकारी, जगदीशपुर से अनापत्ति प्राप्त जमीन उपलब्ध है एवं मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की सभी अर्हता पूर्ण करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय, घोरी डुमरिया को उच्च विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

---

उत्क्रमित करना

*524. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा सन् 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16 में राज्य के सभी मदरसों को उस्तानिया से फौकानिया, फौकानिया से मौलवी, मौलवी से आलिम तथा आलिम से फाजिल में उत्क्रमित करने हेतु प्रति मदरसों से 8,000 रु० बोर्ड में जमा कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मदरसों को कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

पी०जी०की पढ़ाई शुरू करना

*525. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में एम०एल० आर्य कॉलेज में डिग्री तक की पढ़ाई होती है, लेकिन पी०जी० की पढ़ाई नहीं होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि कसबा प्रखण्ड में पी०जी० की पढ़ाई हेतु कोई कॉलेज नहीं है जिस कारण उक्त प्रखण्ड के छात्र/छात्राओं को पी०जी० की पढ़ाई हेतु 50 कि०मी० की दूरी तयकर पूर्णियाँ मुख्यालय में जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज में पी०जी० की पढ़ाई कबतक शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*526. डॉ० सी० एन० गुप्ता--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है सारण जिलान्तर्गत छपरा प्रमंडल में स्थित बाल सुधार गृह भगवान बाजार स्थित जेल के दक्षिण में रेड क्रॉस के भवन में वर्ष 2005 से चल रहा है, सितम्बर, 2013 से आजतक का रेंट का भुगतान बाकी है, यदि हाँ, तो सरकार रेड क्रॉस भवन का रेंट सितम्बर, 2013 से भुगतान करने एवं बाल सुधार गृह का अपना भवन कबतक निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*527. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (221)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के नठिर पंचायत अन्तर्गत एक हजार की आबादी वाले ग्राम-हुड़राहा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिससे उक्त पंचायत के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में कबतक प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*528. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, चकदीन स्थित खेल का मैदान स्टेडियम निर्माण की सारी अर्हताओं को पूरा करता है, परन्तु अजतक उक्त मैदान को मिनी स्टेडियम का दर्जा राज्य सरकार द्वारा प्रदान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित मैदान में मिनी स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन का भुगतान

*529. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आलोक में केन्द्र सरकार ने वर्ष 2012 में राज्य सरकार को बी॰पी॰एल॰ आधारित पेंशन की जगह सामाजिक/आर्थिक (SECC) डाटा आधारित पेंशन स्वीकृत करने का निर्देश दिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा उक्त निर्देश का पालन नहीं करने के कारण राज्य के 50 लाख 74 हजार 448 पेंशनधारी लाभुक वंचित हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस समस्या के समाधान हेतु सार्थक निर्णय लेते हुये लाभुकों को पेंशन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्टेडियम का निर्माण

*530. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखण्ड बसन्तपुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसन्तपुर एवं प्रखण्ड गोरेया कोठी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छितौली में क्रीड़ा मैदान है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों के क्रीड़ा मैदान में स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षकों का पदस्थापन

*531. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड में 5 मिल उच्च विद्यालय तथा 16 उत्क्रमित उच्च विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि 16 उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में अबतक बी॰एड॰ प्रशिक्षित गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का पदस्थापन नहीं किया गया है, जिससे नौवीं एवं दसवीं के छात्र/छात्राओं को उक्त विषयों की पढ़ाई में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारातमक हैं, तो क्या सरकार सभी 16 उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में बी॰एड॰ प्रशिक्षित गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी के शिक्षकों का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेंशन का भुगतान

*532. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र में एक हजार लोगों को लगभग दो साल से वृद्ध पेंशन नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार लाभुकों को उक्त पेंशन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## योजना का लाभ दिलाना

*533. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के नवीं कक्षा के अहर्ताएँ पूरी करने वाले सभी छात्र/छात्राओं को मुख्यमंत्री साइकिल योजना के तहत साइकिल खरीदने के लिये राशि उपलब्ध करायी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रूईधासा के छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में सरकार के उक्त योजना से वंचित रखा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के वंचित छात्र/छात्राओं को मुख्यमंत्री साइकिल योजना का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## अंकेक्षण कराना

*534. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री गणेश सिंह, यात्री लिपिक का स्थानान्तरण कार्यालय आदेश सं0 379/17 संसूचित ज्ञापांक 2090, दिनांक 13 दिसम्बर, 2017 के द्वारा बाँकीपुर प्रतिष्ठान में रोकड़पाल के पद पर किया गया है, जबकि श्री सिंह इस पद पर पदस्थापन की श्रेणी में नहीं आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँकीपुर प्रतिष्ठान का अंकेक्षण कार्य वर्ष 2005 से 2017-18 तक नहीं हुआ है तथा उक्त प्रतिष्ठान में वित्तीय अनियमितता की बात सामने आयी है, जिसके कारण श्री सिंह को उक्त प्रतिष्ठान में रोकड़पाल के पद पर योगदान देने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाँकीपुर प्रतिष्ठान का अंकेक्षण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## कक्ष का निर्माण

*535. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के प्रखण्ड के मुरलीगंज में वर्ष 1985 में स्थापित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, मुरलीगंज का दो कमरे का विद्यालय भवन वर्तमान में जर्जर अवस्था में है जिससे वहाँ अध्यापन कार्य प्रभावित होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में मात्र सात शिक्षक एवं शिक्षिका ही पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, मुरलीगंज (मधेपुरा) के जर्जर विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार, अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण एवं विषयवार शिक्षकों के पदस्थापन का विचार कबतक रखती है ?

-------------

## अर्द्धनिर्मित कमरों का निर्माण पूर्ण कराना

*536. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भभुआ जिलान्तर्गत मोहनियाँ प्रखंड के श्री जयराम चूरामन आदर्श उच्च विद्यालय, चौरसिया में चार कमरे का निर्माण विगत तीन वर्षों से अधूरा है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित कमरों का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पढ़ाई की व्यवस्था करना

*537. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी अनुमंडल में डिग्री कॉलेज खोलने की स्वीकृति वर्ष 2012-13 में सरकार के द्वारा दी जा चुकी है, परन्तु भवन के अभाव में डिग्री कॉलेज में नामांकन एवं पढ़ाई नहीं हो पा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि शकरपुरा उच्च विद्यालय में तत्काल डिग्री कॉलेज से संबंधित पढ़ाई के लिये पर्याप्त कमरा उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डिग्री कॉलेज में छात्रों के पढ़ाई के लिये तत्काल शकरपुरा उच्च विद्यालय में नामांकन एवं पढ़ाई की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*538. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड के मलौर पंचायत के ग्राम-बैदेकारी में एवं ठकुरी पंचायत के ग्राम-लीलारी में मध्य विद्यालय अवस्थित है, परन्तु उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को उच्च विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने हेतु 5 कि0मी0 की दूरी तयकर अन्यत्र स्थान पर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों के मध्य विद्यालय को कबतक उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

छात्रवृत्ति राशि देना

*539. श्री (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति-पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति 2016 एवं 2017 में नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार दो वर्षों से बंद पड़े छात्रवृत्ति की राशि कबतक देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*540. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिन बाजार प्रखंड के ग्राम-बेल्हौरी के प्राथमिक उर्दू कन्या विद्यालय का भवन पिछले पाँच वर्षों के जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण उक्त विद्यालय के छात्राएँ खुले आसमान के नीचे पठन-पाठन को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का नया भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्याख्याताओं का पदस्थापन

*541. श्री (डॉ0) बिनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमण्डलीय मुख्यालय में श्री महंथ शतानन्द गिरी कॉलेज, शेरघाटी अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि कॉलेज में वाणिज्य की पढ़ाई नहीं होने एवं जन्तु विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र, वाणिज्य एवं अर्थ शास्त्र के व्याख्याता नहीं रहने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री महंथ शतानन्द गिरी कॉलेज, शेरघाटी में विषयवार व्याख्याताओं की पदस्थापन एवं वाणिज्य की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सरकारी गाड़ी की व्यवस्था करना

*542. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर प्रखण्ड से जिला मुख्यालय तक परिहवन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की यातायात की सुविधा उपलब्ध नहीं कराने से स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नबीनगर प्रखण्ड से जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों के लिये सरकारी गाड़ी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*543. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली के मध्य विद्यालय, भटहाँ से उच्च विद्यालयों की दूरी 6-7 कि0मी0 से अधिक होने के कारण नामांकित छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु दूर जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, भटहाँ उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी वांछित शर्तें पूरी करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई

*544. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--दिनांक 10 जनवरी, 2018 को दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार शीर्षक "No invite to Bihar Culture Dept. for 22nd National youth Fest." को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के युवा एवं कला, संस्कृति विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें बिहार सहित अन्य राज्यों के युवाओं को भी भाग लेने के लिये बुलाया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस वर्ष जो युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, उसमें बिहार के युवाओं को नहीं बुलाया गया, जिससे बिहार के युवा हतोत्साहित और दु:खी हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### कारगर कदम उठाना

*545. <u>श्री संजय सरावगी</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्राथमिक विद्यालयों सहित राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 5,30,773 नामांकित बच्चों में से 5,26,235 बच्चे अक्तूबर, 2017 में आयोजित अर्द्ध.वार्षिक परीक्षा में शामिल हुये;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित परीक्षा में शामिल होने वाले कुछ विद्यार्थियों में से कुल मिलाकर 3,29,000 छात्रों को सी0डी0 एवं ई-ग्रेड प्राप्त हुआ है और इन्हें लर्निंग डेफिसिट वाला बच्चा माना गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (2) में वर्णित लर्निंग डेफिसिट वाले बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिये कौन-सी कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

------------

### स्टेडियम का निर्माण

*546. <u>श्री नीरज कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के बीरपुर अनुमंडल में एक भी स्टेडियम नहीं है, जबकि प्रत्येक प्रखण्ड में एक स्टेडियम निर्माण की घोषणा सरकार द्वारा की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुमंडल में कबतक स्टेडियम निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

### स्टेडियम का निर्माण

*547. <u>श्री उमेश सिंह कुशवाहा</u>--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखण्ड में युवाओं को खेल-कूद के लिये स्टेडियम नहीं है, जबकि प्रखण्ड के गोरिगामा पंचायत स्थित सरकारी 20.10 एकड़ भूमि जिसका खाता सं0 248, खेसरा सं0 1339, थाना नं0 609 खाली पड़ी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खाली भू-खण्ड में कबतक स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### विद्यालय खोलना

*548. <u>श्री उमेश सिंह कुशवाहा</u>--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत जन्दाहा प्रखण्ड एवं महनार प्रखण्ड में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिये आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है, जबकि उक्त प्रखण्डों में वर्ष 2010 में आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में आवासीय विद्यालय खोलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### उर्दू शिक्षक के पद पर नियुक्ति

*549. <u>श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार वर्ष 2013 में 34,540 शिक्षकों का चयन किया गया, जिसमें दरभंगा जिला के मो0 फिरदौस सहित 9 अभ्यर्थी थे;

(2) क्या यह बात सही है कि इन 9 अभ्यर्थीयों का कॉन्सिलिंग इनके गृह जिला में प्राथमिक शिक्षक उर्दू के पद पर नियुक्ति हेतु की गयी, लेकिन चयन इसलिये नहीं किया गया क्योंकि इनकी बी0एड0 की डिग्री एस0 वकील अहमद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुर्गीयाचक, दरभंगा की थी;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना उच्च न्यायालय ने सी0डब्ल्यू0जे0सी0 नं0 13108/2016 एवं सी0डब्ल्यू0जे0सी0 नं0 20826/2000 में पारित आदेश के द्वारा वर्णित प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी0एड0 की डिग्री को वैध बताया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मो0 फिरदौस सहित 9 अभ्यर्थियों को प्रा0 शिक्षक उर्दू के पद पर नियुक्त करने का विचार रखती है ?

स्कूल स्थानान्तरित करना

*550. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज के हथुआ में सैनिक स्कूल, हथुआ महाराज के मकान में कार्यरत हैं जो जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सैनिक स्कूल, हथुआ का भवन गोपालगंज के सिपाया में बनकर तैयार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सिपाया में निर्मित भवन में सैनिक स्कूल, हथुआ को स्थानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय निर्माण पूर्ण कराना

*551. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 दिसम्बर, 2017 को प्रकाशित ''राशि रहते शौचालय का निर्माण अधूरा'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के विभिन्न स्कूलों में 258 शौचालय निर्माण के लिये प्रति शौचालय 80 हजार रुपये नवम्बर, 2017 में दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परियोजना के सहायक इंजीनियर द्वारा कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि 50 प्रतिशत शौचालय का निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्कूलों का शौचालय निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*552. श्री मनोज कुमार (219)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड, पंचायत वेरका, ग्राम-पुनदौल में सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय की स्वीकृति के पश्चात स्थल चयनित नहीं होने के कारण विद्यालय भवन के अभाव में शिक्षण कार्य सामुदायिक भवन में हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उचित स्थान चयनित कर उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*553. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सरैया प्रखण्ड के ग्राम-पोखरैला में स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय में प्राधानाध्यापक एवं शिक्षक विगत 10 वर्षों से विद्यालय नहीं आ रहे हैं, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन प्रारंभ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*554. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड मझौलिया के उच्च विद्यालय, राजाभीर का परिसर इलाके का सबसे बड़ा खेल मैदान है, परन्तु स्टेडियम नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय परिसर में स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस अड्डा का निर्माण

*555. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखण्ड के उमगाँव में बस अड्डा नहीं है, जिससे स्थानीय यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर स्थायी बस अड्डा का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षण दिलाना

*556. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अप्रशिक्षित सरकारी शिक्षक को राष्ट्रीय विद्यालय मुक्त संस्थान से प्रशिक्षण सत्र 2017/19 में प्रशिक्षित कराया जा रहा है तथा उक्त प्रशिक्षण सत्र में ऑनलाइन नामांकन की व्यवस्था की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के कई अप्रशिक्षित सरकारी शिक्षक ऑनलाइन आवेदन कर प्रशिक्षक शुल्क जमा किये परन्तु ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत विद्यालय प्राधानाध्यापक द्वारा सत्यापन नहीं किये जाने के कारण श्री विरेन्द्र राम, प्राथमिक विद्यालय, मसहा आलम, सीतामढ़ी सहित कई शिक्षकों को इनरोलमेंट नम्बर प्राप्त नहीं हुआ जिसके कारण वे प्रशिक्षण शुल्क जमा करने के बावजूद प्रधानाध्यापक के कारण प्रशिक्षण से बंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कारण से प्रशिक्षण से वंचित शिक्षक को कबतक प्रशिक्षण दिलाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि भुगतान करना

*557. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के मैरवां स्थित मिश्रीसदा इन्टर कॉलेज को अनुदान की राशि अभीतक प्राप्त नहीं हुयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सी०डब्लू०जे०सी० नं० 12357/2013 में पारित आदेश दिनांक 4 जुलाई, 2013 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय ने अनुदान की राशि देने संबंधी आदेश के बावजूद अभीतक भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त कॉलेज को अनुदान की राशि कबतक भुगतान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*558. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में अवस्थित रा० अम्बेदकर कल्याण छात्रावास में मेस भवन एवं अध्ययन भवन नहीं रहने के कारण छात्रों को खाना पकाने एवं अध्ययन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छात्रावास परिसर में मेस भवन एवं अध्ययन भवन का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :

दिनांक 06 मार्च, 2018 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 101—डी०टी०पी०—550